भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....
# भीलवाड़ा फोकस
DIGITAL - EPAPER
RNI No. : RJHIN/25/A0890
वर्ष - 01 | अंक - 230 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 12 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# राजस्थान बजट 2026-27 : 21.52 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट, युवाओं को नौकरी, महिलाओं को ताकत, सड़कों को नई रफ्तार




**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान की राजनीति और अर्थव्यवस्था के इतिहास में बुधवार का दिन स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया, जब उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अब तक का सबसे बड़ा बजट 21.52 लाख करोड़ पेश किया। यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है और इसे सशक्त, समावेशी और विकासोन्मुख राजस्थान की नींव बताया जा रहा है।

करीब 2 घंटे 54 मिनट के बजट भाषण में सरकार की प्राथमिकताएं पूरी तरह साफ नजर आई। युवा, महिलाएं, ग्रामीण क्षेत्र, सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार इस बजट के केंद्र में रहे। दीया कुमारी ने स्पष्ट कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं बल्कि आम आदमी के सपनों को साकार करने का रोडमैप है।

## युवाओं के लिए बड़ी सौगातः 1 लाख सरकारी नौकरियां

राजस्थान के युवाओं के लिए यह बजट उम्मीदों की नई किरण लेकर आया है। सरकार ने 1 लाख नई सरकारी नौकरियों की घोषणा की है। साथ ही भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए भर्ती कैलेंडर जारी करने का भी ऐलान किया गया।

इस फैसले को प्रदेश में बेरोजगारी कम करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। सरकार का मानना है कि समय पर भर्तियां और स्पष्ट कैलेंडर युवाओं में भरोसा पैदा करेगा और प्रतियोगी परीक्षाओं की अनिश्चितता खत्म करेगा।

## स्वरोजगार को बढ़ावाः युवाओं को 10 लाख तक ब्याज मुक्त लोन

नौकरी के साथ-साथ स्वरोजगार पर भी सरकार का विशेष फोकस रहा। बजट में ऐलान किया गया कि 1 लाख युवाओं को 10 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा, जिससे वे अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर सकें।

यह योजना उन युवाओं के लिए वरदान साबित होगी, जो नौकरी के बजाय उद्यमिता की राह चुनना चाहते हैं। सरकार का उद्देश्य है कि राजस्थान का युवा सिर्फ नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बने।

## 'लखपति दीदी' योजना से महिलाओं को नई ताकत

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। 'लखपति दीदी' योजना के तहत अब ऋण की सीमा 1 लाख से बढ़ाकर 1.5 लाख कर दी गई है।

इससे स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं छोटे उद्योग, व्यापार और स्वरोजगार को और मजबूती से आगे बढ़ा सकेंगी। सरकार का लक्ष्य है कि हर गांव में महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें और परिवार की रीढ़ बनकर उभरें।

## सड़कों को मिलेगी नई रफ्तारः स्टेट हाईवे के लिए 2700 करोड़

प्रदेश के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए बजट में सड़कों पर विशेष ध्यान दिया गया है। वित्त मंत्री ने स्टेट हाईवे के विकास के लिए 2700 करोड़ का अलग से प्रावधान किया है।

इस राशि से प्रदेश के 5 प्रमुख स्टेट हाईवे के लगभग 500 किलोमीटर हिस्से को आधुनिक बनाया जाएगा और उन्हें इंटेलीजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम (ITS) से लैस किया जाएगा।

- हाईवे पर सुरक्षा और सुविधा दोनों
- इन अत्याधुनिक हाईवे पर
- स्पीड वायलेशन डिटेक्शन सिस्टम
- वेरिएबल मैसेज साइन बोर्ड
- सुरक्षित और आरामदायक यात्रा के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही जरूरत के अनुसार पुलिया और बाईपास का निर्माण भी किया जाएगा। सरकार का दावा है कि इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यात्रा पहले से कहीं अधिक सुरक्षित होगी।

## शायराना अंदाज में बजट की शुरुआत

इस बार बजट सिर्फ घोषणाओं के कारण ही नहीं, बल्कि अपने शायराना अंदाज के कारण भी चर्चा में रहा। दीया कुमारी ने बजट भाषण की शुरुआत इन काव्यात्मक पंक्तियों से की -

*'कश्ती चलाने वालों ने जब हार के दी पतवार हमें,*
*लहर-लहर तूफान मिले और संग-संग मझधार हमें,*
*फिर भी दिखाया है हमने और आगे भी दिखा देंगे,*
*इन हालात में भी आता है दरिया करना पार हमें। '*

इस अंदाज ने सदन का माहौल पूरी तरह बदल दिया और सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक सभी का ध्यान खींचा।

## फागुनिया साड़ी और बदली हुई अटैची

बजट के दिन दीया कुमारी का परिधान भी चर्चा का विषय बना। वह लाल-सफेद फागुनिया बंधेज साड़ी पहनकर विधानसभा पहुंचीं, जो राजस्थानी परंपरा और फागुन माह का प्रतीक मानी जाती है।

इस बार बजट की अटैची का रंग भी बदला हुआ नजर आया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 19 फरवरी 2025 को भी उन्होंने फागुनिया चुनरी में बजट पेश किया था।

## समर्पण भाव का संदेश

सरकार की कार्यशैली को दर्शाते हुए दीया कुमारी ने कवि सोहनलाल द्विवेदी की पंक्तियां सदन में पढ़ीं

*'चलो नई मिसाल हो, जलो नई मिसाल हो,*
*बढ़ो नया कमाल हो,*
*झुको नही, रुको नही,*
*बढ़े चलो, बढ़े चलो। '*

उन्होंने कहा कि सरकार पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

*'प्रजा के सुख में राजा का सुख '*

वित्त मंत्री ने सदन में संस्कृत सूक्ति का उल्लेख करते हुए कहा -

*'प्रजासुखे सुखं राज्ञः प्रजानां च हिते हितम् '*

अर्थात राजा का सुख प्रजा के सुख और हित में ही निहित है।

उन्होंने कहा कि कम भोज, कम बोझ, अधिक भरोसा और तेज फैसला की नीति पर डबल इंजन सरकार काम कर रही है।

## मानसिक स्वास्थ्य पर भी खास जोर

बजट में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर भी अहम घोषणा की गई। प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर मेंटल हेल्थकेयर सेल स्थापित किए जाएंगे, जहां मानसिक रोगों की पहचान, परामर्श, उपचार और पुनर्वास की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इस घोषणा के दौरान सदन में हल्का-फुल्का माहौल भी बना और ठहाके सुनाई दिए, लेकिन संदेश गंभीर और दूरगामी रहा।

## काव्यात्मक अंदाज में बजट का समापन

बजट के अंत में भी दीया कुमारी ने शेरो-शायरी के माध्यम से सरकार की सोच को प्रस्तुत किया -

*'राह में मुश्किल होगी हजार,*
*तुम दो कदम बढ़ाओ तो सही,*
*हो जाएगा हर सपना साकार,*
*तुम चलो तो सही।*
*मुश्किल है पर इतना भी नहीं,*
*कि तू कर ना सके,*
*दूर है मंजिल लेकिन इतनी भी नहीं, कि तू पा ना सके,*
*तुम चलो तो सही। '*

# बजट प्रतिक्रिया

## एलिवेटेड व लॉजिस्टिक पार्क से भीलवाड़ा को नई रफ्तार : सांसद अग्रवाल




**भीलवाड़ा फोकस** @ भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने राजस्थान बजट 2026 को विकासोन्मुखी और जनकल्याणकारी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट पेयजल, अन्नदाता, गरीब, युवा, महिला और उद्योग जगत को समर्पित है।

बजट में क्षतिग्रस्त सड़कों के लिए 1400 करोड़, मिसिंग लिंक सड़कों के लिए 600 करोड़, आरओबी-आरयूबी के लिए 920 करोड़ और विद्युत क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। साथ ही 300 से अधिक महाविद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई केंद्र स्थापित किए जाएंगे और प्रदेश में 7 लाख से अधिक स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी।

सांसद अग्रवाल ने कहा कि एलिवेटेड रोड व लॉजिस्टिक पार्क की घोषणा भीलवाड़ा के विकास के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया।

## भीलवाड़ा के लिए विकासोन्मुखी बजट , ऐतिहासिक पहल : मेवाड़ा



**भीलवाड़ा फोकस** @ राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट को भीलवाड़ा के सर्वांगीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया गया है। जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने कहा कि बजट में भीलवाड़ा जिले की सभी विधानसभाओं भीलवाड़ा, मांडल, सहाड़ा, आसींद, शाहपुरा, जहाजपुर और मांडलगढ़ को मिली सौगातें जिले के औद्योगिक, सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति देंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि यह बजट युवा, महिला, किसान, उद्यमी और आमजन के लिए खुशहाली की नई राह खोलने वाला साबित होगा।

## राजस्थान बजट 2026 विकासोन्मुखी और उद्योग समर्थक : सीए आशिता



**भीलवाड़ा फोकस** @ राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026 को लेकर चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए आशिता विजयवर्गीय ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए इसे संतुलित और विकासोन्मुखी बजट बताया है। उनका कहना है कि बजट में बुनियादी ढांचे, उद्योग, सड़क निर्माण और लॉजिस्टिक सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। सीए आशिता के अनुसार सड़क, आरओबी-आरयूबी, विद्युत और लॉजिस्टिक हब जैसी घोषणाएं निवेश और रोजगार सृजन के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगी। साथ ही शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और शहरी विकास से जुड़े प्रावधान सामाजिक संतुलन को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि बजट घोषणाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होता है तो यह प्रदेश को विकसित राज्य की दिशा में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।

# सदारामजी का खेड़ा में प्राण प्रतिष्ठा व नवकुंडीय श्रीराम महायज्ञ सम्पन्न, नव सामुदायिक भवन का लोकार्पण



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**नरेश धाकड़ ।** उपखंड क्षेत्र के सदारामजी का खेड़ा ग्राम में भगवान श्रीराम-जानकी एवं शिव परिवार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा तथा नवकुंडीय श्रीराम महायज्ञ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। पांच दिनों तक चले धार्मिक अनुष्ठानों का बुधवार को वैदिक विधि-विधान के साथ समापन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर ग्रामीणों के सहयोग से लगभग 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित नव सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीलवाड़ा के पूर्व जिला प्रमुख कन्हैया लाल धाकड़ रहे। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता श्री धाकड़ महासभा प्रदेश अध्यक्ष एवं विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष दीपशिखा धाकड़ ने की।

कार्यक्रम में थड़ोदा प्रशासक राजेश कुमार धाकड़, श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय मंत्री राजू लाल धाकड़, महामंत्री पप्पू लाल धाकड़, शंकर लाल धाकड़, बंसी लाल धाकड़ एवं प्रभु लाल धाकड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत ट्रस्ट के सचिव गोपाल लाल धाकड़, ट्रस्टी रमेश धाकड़ एवं ग्रामवासियों द्वारा किया गया।

समस्त धार्मिक अनुष्ठान आचार्य दुर्गेश भट्ट के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुए। समारोह में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे तथा समापन पर महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

## मातृशक्ति की ऐतिहासिक बैठक सम्पन्न, सनातन मंगल महोत्सव को भव्य बनाने का संकल्प



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह के सफल आयोजन को लेकर हरि शेवा उदासीन आश्रम स्थित सनातन मंदिर में सनातन समाज की विभिन्न जाति-बिरादरी की मातृशक्ति की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक आध्यात्मिक ऊर्जा और सेवा भाव से ओत-प्रोत रही।

मातृशक्ति ने एक स्वर में महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया और तन-मन से सेवा करने की प्रतिबद्धता जताई। पोथी कलश यात्रा, शोभायात्रा, भोजन व्यवस्था, अतिथि सत्कार, प्रसाद वितरण, सजावट, अनुशासन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न दायित्व सौंपे गए।

श्री पंचमुखी दरबार के महंत लक्ष्मण दास त्यागी ने कहा कि किसी भी धार्मिक आयोजन की आत्मा मातृशक्ति होती है। उनके सहयोग से महोत्सव भव्य और प्रेरणादायी बनेगा।

बैठक में सुरेश गोयल, पल्लवी वच्छानी, चांदमल सोमानी ने विचार रखे तथा संचालन खुशबू शुक्ला ने किया।

## पिकअप से नकदी चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 1.45 लाख रुपये बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

गुलाबपुरा थाना पुलिस , साइबर सेल व डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन से नकदी से भरा बैग चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 1 लाख 45 हज़ार 810 रुपये की शत-प्रतिशत राशि बरामद की है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा तकनीकी व मुखबिर सूचना के आधार पर की।

पीड़ित ने 9 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी कंपनी इंडिया जेनेटिक प्राइवेट लिमिटेड की पिकअप अजमेर से भीलवाड़ा आ रही थी। चालक व परिचालक त्रिदेव महादेव कंवलियास दर्शन के लिए वाहन सड़क किनारे खड़ा कर चले गए। लौटने पर केबिन में रखा नकदी से भरा बैग गायब मिला।

जांच के दौरान आरोपी पप्पूसिंह राजपूत से पूछताछ में खुलासा हुआ कि उसने अपने साथी भैरूलाल मेघवंशी को नकदी की जानकारी दी थी। भैरूलाल मोटरसाइकिल से पहुंचकर पिकअप की केबिन खोलकर बैग ले गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पूरी नकदी बरामद कर ली।

गिरफ्तार आरोपी पप्पूसिंह (25) व भैरूलाल (25) निवासी मोड़ा का खेड़ा, मांडल हैं। मामले में आगे अनुसंधान जारी है।

## हमले में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, गिरफ्तारी की मांग पर धरना

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

मांडल थाना क्षेत्र के चतरपुरा भादू गांव में हुए सामूहिक हमले में गंभीर रूप से घायल जगदीश (55) की मंगलवार रात उदयपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद परिजन व समाज के लोग महात्मा गांधी जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर धरने पर बैठ गए और सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया।



जानकारी के अनुसार 1 फरवरी को विवाद के बाद लौटते समय पीड़ित पक्ष पर रास्ते में 10 से अधिक लोगों ने लाठियों-डंडों से हमला किया। आरोप है कि इसके बाद 50 से ज्यादा लोग कुल्हाड़ी, सरियों व डंडों के साथ घर में घुस गए और मारपीट, तोड़फोड़ व आगजनी की।

हमले में जगदीश (55), उसकी पत्नी लादी देवी (50), गीता देवी (70) पत्नी नानूराम, महावीर (30) पुत्र केसर सिंह, सीमा (23) और ज्योति घायल हुए। सभी को मांडल से भीलवाड़ा जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां से जगदीश को गंभीर हालत में उदयपुर भेजा गया था।

2 फरवरी को पीड़ित परिवार ने मांडल थाने में मामला दर्ज कराया। थाना प्रभारी रोहिताश्व यादव ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## भीलवाड़ा में उन्नत इलेक्ट्रॉनिक यातायात प्रवर्तन प्रणाली स्थापित होगी



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सड़क दुर्घटनाओं में मृत्युदर कम करने और यातायात नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर भीलवाड़ा में उन्नत इलेक्ट्रॉनिक यातायात प्रवर्तन प्रणाली स्थापित की जा रही है।

इस प्रणाली के तहत राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर दर्ज उल्लंघनों के आधार पर मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार ई-चालान स्वतः जारी कर वाहन स्वामियों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजे जाएंगे।

बुधवार को यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को ओवरस्पीड से बचने, हेलमेट व सीटबेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने, दोपहिया पर तीन सवारी नहीं बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने, राष्ट्रीय राजमार्ग पर 6-लेन सिस्टम की पालना करने तथा गलत दिशा में वाहन नहीं चलाने के लिए जागरूक किया।

## ऑनलाइन गेम की लत में नाबालिग बना चोर, साथी और ज्वैलर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

ऑनलाइन गेमिंग की लत ने सुभाष नगर थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय नाबालिग को चोरी की राह पर धकेल दिया। गेमिंग के लिए पैसों की जरूरत पूरी करने के लिए उसने पड़ोसी के सूने मकान को निशाना बनाया। मामले में उसका एक साथी और चोरी का माल खरीदने वाला ज्वैलर भी गिरफ्तार किया गया है।

थाना प्रभारी कैलाश चंद्र के अनुसार 20 जनवरी को विनोद कुमार अजमेरा ने विजय सिंह पथिक नगर स्थित अपने मकान में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में सामने आया कि पड़ोस में रहने वाले नाबालिग ने पहले छोटी रकम चुराई और बाद में बड़ी चोरी को अंजाम दिया। वह चोरी के पैसों से ऑनलाइन गेमिंग रिचार्ज करवाता था।

पूछताछ में उसके दोस्त समीर हुसैन सोरगर की संलिप्तता सामने आई, जिसे चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। चोरी का सामान खरीदने वाले ज्वैलर कान्हा सोनी को भी गिरफ्तार कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस गेमिंग आईडी व रिचार्ज उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति की भी तलाश कर रही है।पुलिस ने अभिभावकों से बच्चों की मोबाइल गतिविधियों पर नजर रखने की अपील की है।

## मांडलगढ़ को बजट में सड़क व उप स्वास्थ्य केंद्र की सौगात, पूर्व सरपंच शर्मा ने जताया आभार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

राज्य बजट में मांडलगढ़ क्षेत्र को मिली विकास घोषणाओं पर क्षेत्रवासियों में खुशी है। बडलियास से भवानीपुरा तक 3.20 किलोमीटर डामर सड़क निर्माण और क्षेत्र के धनवाड़ा में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया है।

बजट में सड़क निर्माण के लिए 2.40 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इस मार्ग के बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और आसपास के गांवों का आपसी संपर्क मजबूत होगा। वहीं धनवाड़ा में उप स्वास्थ्य केंद्र खुलने से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी।

माल का खेड़ा पूर्व सरपंच प्रकाश शर्मा ने इन घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी तथा विधायक गोपाल खंडेलवाल का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से मांडलगढ़ क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

## राजगढ़ से धनवाड़ा चौराहा सड़क निर्माण को मिली मंजूरी, 13 करोड़ स्वीकृत

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

**विक्रम सिंह** राजगढ़ क्षेत्र के ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। राजगढ़ से धनवाड़ा चौराहा तक सड़क निर्माण के लिए राज्य बजट में 13 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

ग्राम पंचायत प्रतिनिधि बद्री लाल गुर्जर (जाल का खेड़ा) के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इस सड़क के लिए लगातार प्रयास किए। विधायक गोपाल खंडेलवाल के सहयोग से यह महत्वपूर्ण मांग पूरी हो सकी।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा और आसपास के गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। वर्षों से जर्जर मार्ग के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। बजट स्वीकृति के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की



संभावना है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक गोपाल खंडेलवाल व पंचायत प्रतिनिधि बद्री लाल गुर्जर का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भंवर सिंह, देवा लाल गुर्जर, हर लाल गुर्जर, गोपाल गुर्जर, सांवर गुर्जर, कुलदीप सिंह, शंभू वैष्णव, भेरू गुर्जर, दुदा लाल, अशोक, मनोज सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।



QUICK BITES

# शाहपुरा को बजट की सौगातः सड़क, आयुष अस्पताल, इको पार्क और पशु चिकित्सालय की बड़ी घोषणाएं

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

**मूलचन्द पेसवानी**



राजस्थान सरकार द्वारा विधानसभा में उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने आज बजट पेश करते हुए शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र को महत्वपूर्ण सौगातें दी हैं। बजट में शाहपुरा क्षेत्र के लिए चार प्रमुख घोषणाएं की गई हैं, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडल से शाहपुरा तक 40 किलोमीटर लंबी नई सड़क के निर्माण की घोषणा की गई है। इस सड़क परियोजना के लिए 98 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। सड़क के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी तथा व्यापार और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

बजट में शाहपुरा नगर के लिए 50 बेड के एकीकृत आयुष चिकित्सालय की स्थापना की भी घोषणा की गई है। इसके खुलने से आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा सहित आयुष पद्धतियों के माध्यम से स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इसके अलावा बनेड़ा में इको पार्क विकसित किए जाने की घोषणा की गई है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। वहीं उपरेड़ा में क्रमोन्नत कर प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय खोलने की घोषणा से पशुपालकों को आधुनिक एवं बेहतर पशु चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी।

विधायक डॉ. बैरवा ने बताया कि बजट प्रक्रिया के दौरान शाहपुरा से संबंधित कुछ और घोषणाएं अभी शेष हैं, जिनकी भी उम्मीद क्षेत्रवासियों को है। उन्होंने इन घोषणाओं को शाहपुरा के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और इसके लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

# काछोला में बालिकाओं को मिली निशुल्क साइकिलें, शिक्षा के प्रति बढ़ा उत्साह

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**



**विक्रम सिंह** काछोला महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय काछोला में राज्य सरकार की बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु संचालित निशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत कक्षा 9 की छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई कार्यक्रम में छात्राओं के चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि व भाजपा नेता संदीप सोनी ने बालिका शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि एक शिक्षित महिला न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे देश को संस्कारित और चरित्रवान नागरिक देती है उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार की यह योजना बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय पहल है काछोला प्रशासक रामपाल बलाई ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यालय विकास के लिए सदैव तत्पर रहने का आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जाएंगे कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या सोनिया स्वर्णकार द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। इस दौरान सत्यनारायण वैष्णव, आशाराम सोनी, अध्यापक कैलाश रेगर, तेजमल, विष्णु कंवर सोनी, सरोज आचार्य, दुर्गा पारीक, अभिषेक, बालेश्वर मीणा, राजेंद्र आचार्य सहित विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्राम पंचायत बन का खेड़ा में बैठक आयोजित की गई

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**




**( सांवर वैष्णव ):-** आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना की प्रथम मासिक बैठक मंगलवार को बनकाखेड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के वी सी रूम मे आयोजित की गयी । जिसमे आयुष्मान आरोग्य मन्दिर राजकीय आयुर्वेद औषधालय के प्रभारी डॉ. मुकेश वैष्णव ने बताया कि मुख्यमंत्री के बजट घोषणा 2025-26 के तहत, भीलवाड़ा जिले की बन का खेड़ा ग्राम पंचायत को आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना की पायलट परियोजना के लिए चुना गया है । इस पहल के माध्यम से, चयनित गांवों को आदर्श गांवों के रूप में विकसित किया जाएगा जो स्वस्थ, तंबाकू मुक्त और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे । आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से, चयनित गांव में प्रत्येक व्यक्ति के प्रकृति ( वात, पित्त, कफ) का परीक्षण किया जाएगा, और बीमारियों की रोकथाम के लिए पूर्वानुमानित उपचार, दवा और आहार संबंधी परामर्श प्रदान किए जाएंगे । इस योजना का उद्देश्य ग्रामीणों के स्वास्थ्य संबंधी खर्च को कम करना, स्वच्छ और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और आयुर्वेद सहित पारंपरिक स्वदेशी चिकित्सा पद्धतियों की सार्वजनिक स्वीकार्यता को मजबूत करना है । इस योजना के तहत, निर्धारित 18 स्वास्थ्य संकेतकों में 100% उपलब्धि हासिल करने पर ग्राम पंचायत को 11 लाख रुपये का प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी । प्रमुख घटकों में प्रकृति परीक्षण, एनीमिया परीक्षण, रक्तचाप और शर्करा की जांच, तंबाकू मुक्त वातावरण, टीबी और खसरा-रूबेला उन्मूलन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच व्यक्तिगत स्वास्थ्य प्रोफाइल का रखरखाव और मोतियाबिंद की स्क्रीनिंग आदि शामिल हैं । इस योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, ग्राम स्तर पर आरोग्य मित्र और आरोग्य सखियों का चयन और प्रशिक्षण किया जाएगा । प्रत्येक वार्ड और बस्ती में स्वास्थ्य जागरूकता, घरेलू उपचार, औषधीय पौधों के उपयोग, योग-व्यायाम, पोषण और नशामुक्ति में सक्रिय भूमिका निभाएंगे । इस योजना के संचालन के लिए आयुर्वेद विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सूचना एवं जन संपर्क, वन विभाग और यूनिसेफ के साथ समन्वय करेंगे ।

## बजट प्रतिक्रिया

### लॉजिस्टिक पार्क से उद्योगों को मिलेगी नई ताकत : मनीष बम्ब



**भीलवाड़ा फोकस @** राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बम्ब ने बजट को विकसित भारत की परिकल्पना से जुड़ा बताया। उन्होंने कहा कि उद्योगों के विकास के बिना देश प्रगति नहीं कर सकता और अधिक रियायतें मिलने से प्रदेश व राष्ट्र दोनों को लाभ होगा। बम्ब ने पीपीपी मॉडल पर करीब 400 करोड़ रुपये से लॉजिस्टिक हब स्थापित करने की घोषणा को बड़ी पहल बताया। इससे परिवहन, भंडारण व निर्यात प्रक्रिया आसान होगी, लागत घटेगी और उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी।

### नारी शक्ति को आर्थिक शक्ति बनाने वाला बजट - बोरदिया



**भीलवाड़ा फोकस @** वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट को कल्याणी फाउंडेशन की अध्यक्ष दिव्या बोरदिया ने महिलाओं को आत्मनिर्भर उद्यमी बनाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड कैपेसिटी बिल्डिंग, राजसखी सेंटर, लखपति दीदी योजना में ऋण सीमा बढ़ोतरी, रूरल बीपीओ और मिनी ई-मित्र जैसी घोषणाएं महिला स्वरोजगार को नई दिशा देंगी। बोरदिया ने इन निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता ही सच्चा सशक्तिकरण है।


# मिला जुला रहा बजट, सवाईपुर क्षेत्र रहा खाली, चंवलेश्वर जैन तीर्थ सड़क की सौगात

## विपक्ष ने सरकार की विदाई वाला बजट बताया

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने आज राजस्थान का बजट 2026 पेश किया, दीया कुमारी ने बजट पेश करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए राज्य सरकार प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत है । बजट को जन कल्याणकारी व किसानों का हितेषी बताया, बजट में क्षेत्र के लोगों को कहीं उपेक्षाएं थी, तो विपक्ष ने इसे सरकार की विदाई वाला बजट बताया । वहीं इस बजट में जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र के सवाईपुर व कोटड़ी को कुछ खास नहीं मिला । सवाईपुर में वर्षा से बालिका विद्यालय की मांग इस बार भी अधूरी रही, वही सवाईपुर में विद्युत विभाग का सहायक अभियंता कार्यालय की मांग की आस भी पुरी नही हुई ।

इसके साथ और भी कई मांगे जो इस बजट में पुरी होनी की उम्मीद थी ।



राज्य सरकार ने बहुत अच्छा बजट पेश किया, यह बजट जनकल्याणकारी रहा, सरकार सभी हितों को ध्यान में रखते हुए बजट को पेश किया, विद्यालयों के जिर्णोद्धार, पंचायत राज के लिए पैसे दिए । क्षेत्र में धनवाड़ा चौराहे से जैन तीर्थ स्थल चंवलेश्वर तक सड़क की मांग बजट में पूरी हुई, इसके लिए वित्त मंत्री, मुख्यमंत्री व विधायक गोपीचंद मीणा का आभार ।

**कोटड़ी निवृतमान प्रधान करण सिंह बेलवा**



सरकार का बजट सभी वर्ग के लिए सराहनीय है, क्षेत्र के विधायक महोदय से हम क्षेत्रवासियों के लिए सवाईपुर में सहायक अभियंता कार्यालय अजमेर विद्युत निगम व बालिका विद्यालय और सवाईपुर में तहनील की रिवाइज बजट में आने की पूरी उम्मीद है ।

**अमरचंद गाड़री भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य**



जो बजट पेश किया गया, उसमें अफीम किसानों का जो डोडा चूरा राज्य सरकार का विषय है, हम अफीम किसानों के लिए कहीं वर्षो से मांग कर रहे हैं कि डोडा चूरा पहले 125 रुपए किलो ठेकेदार राज्य सरकार के द्वारा दिया जाता था, वह अभी ठेका पद्धति बंद हो गई और किसानों को अब एक पैसा भी नहीं दिया जाता और उसकी नष्टीकरण करवाया जा रहा है तो अफीम किसानों को इसका आर्थिक संबल देना चाहिए था ।

**बद्री लाल तेली प्रांत अध्यक्ष अफीम किसान संघर्ष समिति**




कृषि क्षेत्र में 1 लाख 19 हजार 400 करोड़ से अधिक का प्रावधान किया गया है जो स्वागत योग्य है । यह पिछले साल से लगभग 8% अधिक है । किसानों को सस्ती बिजली एवं 50 हजार सोलर पंप लगाने व कृषियंत्रों पर 160 करोड़ के अनुदान का प्रावधान स्वागत योग्य है । सामुदायिक तारबंदी में किसानों की संख्या 10 से घटाकर 7 की उसे व्यक्तिशः किया जाना चाहिए था ।

**बद्रीलाल जाट प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख भा. कि. सं. राजस्थान प्रदेश**



राज्य सरकार का यह बजट घौर निराशावादी है, इसमें किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग के लिए कोई अच्छी योजना नहीं है, हमारे क्षेत्र कोटडी के लिए कोई अच्छी घोषणा तक नहीं हो पाई है, विधायक महोदय कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में घोषित और आवंटित बजट से हुए कार्यों का फीता काटने में व्यस्त है, यह सरकार की विदाई वाला बजट है ।

**महावीर सुवालका कोटड़ी ब्लॉक अध्यक्ष**



प्रदेश में भजन लाल शर्मा सरकार ने तीसरा बजट पेश किया, बजट के अंदर शिक्षा, चिकित्सा, बिजली और पानी का ध्यान रखा गया, किसानों के लिए सस्ती बिजली उपलब्ध कराना, वह जंगली जानवरों से फसलों को बचाने के लिए समुदाय में तारबंदी करने के लिए किसानों की जो संख्या घटाई वह किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा, किसानों के लिए गत वर्ष से इस वर्ष बजट मे बढ़ोतरी की है, इससे किसानों को काफी फायदा होगा ।

**कालू सुवालक सालरिया भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य**


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# सवाईपुर विद्यालय के छात्र का वायु सेना में चयन, भव्य स्वागत






भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।

( सांवर वैष्णव ):- सवाईपुर कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र खेल के साथ-साथ डिफेंस सेवा अर्थात सेना में भी अपना परचम फेहरा रहे हैं । इसी कड़ी में विद्यालय के एक और छात्र का भारतीय वायु सेवा में चयन हुआ है । प्रशिक्षण पश्चात आज विद्यालय और सवाईपुर गांव में पहुंचने पर भव्य स्वागत और सत्कार किया गया । सवाईपुर के सेवानिवृत्ति शारीरिक शिक्षक जगदीश चंद्र क्षौत्रिय ने बताया कि गेगा का खेड़ा निवासी नीरज पुत्र गोपाल पुरोहित? सवाईपुर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययन किया और अध्ययन के



पश्चात उसका चयन 3 जुलाई 2025 को भारतीय वायु सेवा में हो गया और चयन के पश्चात बेलगाम, कर्नाटक में 7 फरवरी 2026 को अपना प्रशिक्षण पूरा किया। प्रशिक्षण पूरा करने के पश्चात बुधवार 11 फरवरी को नीरज पुरोहित डिफेंस यूनिफार्म में अपने गांव गेगा का खेड़ा जाने से पूर्व सवाईपुर विद्यालय पहुंचे, जहां पुरोहित का प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर? एवं विद्यालय परिवार ने माल्यार्पण, दुपट्टा पहन कर साफा बांधकर भव्य स्वागत किया । यहां नीरज ने विद्यालय के अपने पुराने और नए साथियों के साथ कुछ पल बिताए और विद्यालय में अपने अध्ययन के दौरान बिताएं गए पलों को याद करते हुए वर्णन किया तथा वायु सेवा में चयन और परीक्षण के बारे में भी अपने अनुभव को साझा किया । इससे पूर्व सवाईपुर कस्बे में सैनिक सम्मान यात्रा निकल गई, जिसका ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर एवं नीरज पुरोहित का माल्यार्पण कर साफा बांधकर जोरदार स्वागत किया । मां सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी पुष्प वर्षा का वायु सेवा के जवान पुरोहित का स्वागत किया । इस दौरान पूर्व सरपंच महावीर सुवालका पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजेश शर्मा, नाथ मुनि क्षौत्रिय, जगदीश चंद्र उपाध्याय, गणेशमल शर्मा, सुशील शर्मा, चांदमल उपाध्यक्ष, राकेश कुमार शर्मा, राजेंद्र शर्मा, प्रेम शंकर क्षौत्रिय आदि कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे ।

# भीलवाड़ा के लिए ऐतिहासिक बजट सौगातें, विकास को मिलेगी नई गति : विधायक अशोक कोठारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राजस्थान बजट 2026-27 में वस्त्रनगरी भीलवाड़ा को विकास की अनेक महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं। इन योजनाओं के पीछे भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी के सतत प्रयास, अनुशंसा और सरकार स्तर पर लगातार फॉलोअप की अहम भूमिका रही है। विधायक द्वारा उठाई गई प्रमुख मांगों को बजट में स्वीकृति मिलना शहर के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है।

शहर की यातायात समस्या के स्थायी समाधान हेतु गायत्री आश्रम से रामधाम तक एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए 250 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिससे जाम की समस्या से राहत मिलेगी और यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा। साथ ही 27 करोड़ रुपये की लागत से कोठारी नदी किनारे रिवर फ्रंट विकास कार्य को मंजूरी मिली है, जिससे शहर की सुंदरता बढ़ेगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

साबुन मार्ग के पास रेलवे अंडरब्रिज निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिससे क्षेत्रवासियों को रेलवे फाटक से होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी।

शहर के प्रमुख स्थल गांधी सागर तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य भी बजट में शामिल किया गया है, जिससे पार्क एवं जनसुविधाओं का विकास होगा। यातायात और पार्किंग समस्या के समाधान के लिए पीपीपी मोड पर स्मार्ट पार्किंग निर्माण की घोषणा की गई है। जल संसाधन क्षेत्र में मातृकुंडिया बांध के रिसाव रोकने और जल विकास प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु 18.89 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए महात्मा गांधी चिकित्सालय में 20 करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ



आधुनिक उपकरणों की खरीद की जाएगी। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए लॉजिस्टिक पार्क की घोषणा की गई है, जिससे दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर के मध्य स्थित भीलवाड़ा को बड़ा लाभ मिलेगा। शिक्षा क्षेत्र में पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में चरणबद्ध रूप से आईसीटी लैब स्थापित की जाएंगी। सामाजिक सरोकार के तहत बेसहारा और असुरक्षित बच्चों के लिए चिल्ड्रन होम भवन का प्रावधान किया गया है। नगरीय निकाय क्षेत्र में शेष सीवरेज कार्यों के लिए डीपीआर को गति देने हेतु 3 करोड़ रुपये तथा 50 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता के कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन वेस्ट प्लांट की स्थापना को मंजूरी दी गई है। औद्योगिक क्षेत्रों में जल एवं वायु प्रदूषण की निगरानी के लिए आईओटी आधारित सिस्टम विकसित किए जाएंगे।


इसके अलावा प्रदेश में चारागाह विकास एवं निराश्रित गौवंश समस्या के समाधान हेतु 5 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान को भी बजट में शामिल किया गया है। विधायक अशोक कुमार कोठारी ने कहा कि इन स्वीकृतियों से भीलवाड़ा में आधारभूत ढांचे का विस्तार होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

# राजस्थान बजट 2026-27 में जहाजपुर-कोटड़ी को मिली विकास सौगातें

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।

राजस्थान बजट 2026-27 में जहाजपुर-कोटड़ी विधानसभा क्षेत्र को कई महत्वपूर्ण स्वीकृतियां मिली हैं। छगना का चोपड़ा से धाधोला चौराहे तक 12 किमी सड़क नवीनीकरण हेतु 15 करोड़ रुपये तथा धनवाड़ा चौराहे से चवलेश्वरजी पार्श्वनाथ होते हुए राजगढ़ तक 13 किमी सड़क निर्माण के लिए 13 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

इसके अलावा बरोदा तलोदा में 33/11 केवी जीएसएस निर्माण, जहाजपुर में अंबेडकर छात्रावास, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय तथा धाधोला व



अन्य ग्राम पंचायतों में पशु चिकित्सालय उपकेंद्रों की स्वीकृति दी गई है।

मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक गोपीचंद मीणा ने इसे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण बजट बताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार जताया।

# एमजी अस्पताल कर्मचारियों को 3 माह से वेतन नहीं, आंदोलन की चेतावनी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राजकीय महात्मा गांधी चिकित्सालय में कार्यरत नर्सिंग, पैरामेडिकल व अन्य कर्मचारियों को पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिलने पर रोष बढ़ गया है। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के नेतृत्व में कर्मचारियों ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़ को ज्ञापन सौंपा।संगठन के मुख्य संरक्षक फरीद मोहम्मद रंगरेज व शहर अध्यक्ष लाल सिंह राठौर ने बताया कि वेतन न मिलने से कर्मचारियों को रोजमर्रा के खर्च के लिए उधार लेना पड़ रहा है। इसे श्रम कानूनों का उल्लंघन बताते हुए जल्द भुगतान नहीं होने पर आंदोलन और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

इस दौरान कई नर्सिंग अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भारतीय जनसंघ के संस्थापक, एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में संगोष्ठी का आयोजन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया में बताया कि पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर ने इस अवसर पर कहा कि पंडितजी का एकात्म मानववाद का दर्शन राजनीति में शुचिता और नैतिक मूल्यों का आधार है। भाजपा इन्हीं आदर्शों से प्रेरित होकर समाज के वंचित वर्गों के सशक्तीकरण और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि राष्ट्रसेवा एवं समर्पण के प्रतीक पं. दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की विचारधारा ने सेवा-भाव को राजनीति की आत्मा के रूप में स्थापित किया है, जो राष्ट्रनिर्माण के पथ पर सदैव दिशा और प्रेरणा प्रदान करती रहेगी। इस अवसर पर पंडितजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावांजलि अर्पित की गई। संगोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया। आभार जिला महामंत्री अविनाश जीनगर ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विशाल गुरुजी, गोपाल तेली, मंजू चेचाणी, कुलदीप शर्मा, आरती कोगटा, ललिता कंवर, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, महावीर समदानी, रागिनी गुप्ता, आकाश मालावत, महेंद्र नायक, भगवत सिंह राठौड़, इमरान कायमखानी, मुकेश चेचाणी, रमेश खोईवाल, मुकेश सोनी, नागेन्द्र सिंह, ज्योति आशीर्वाद, सीपी जोशी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# दूल्हे ने तिलक में मिले ढ़ाई लाख लौटाकर शगुन स्वरूप एक रुपए व नारियल लेकर दी मिशाल

## दहेज-मुक्त समाज बनाने का दिया संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



( सांवर वैष्णव ):- सवाईपुर क्षेत्र के गेंदलिया गांव में एक शादी समारोह ने दहेज प्रथा के खिलाफ मजबूत संदेश दिया है । शादी में तिलक की रस्म के दौरान दूल्हे के पिता ने दहेज में दिए गए 2 लाख 51 हजार रुपये लौटा दिए, उन्होंने शगुन स्वरूप सिर्फ 1 रुपया और नारियल स्वीकार किया । उनका कहना था कि शादी कोई सौदा नहीं, बल्कि रिश्तों का बंधन है. उन्हें बहू नहीं, बेटी चाहिए, इस फैसले की अब भीलवाड़ा व अजमेर जिले में चर्चा हो रही हैं । ग्रामीण विष्णु सेन ने बताया कि कल मंगलवार को सवाईपुर क्षेत्र के गेंदलिया गांव से आर्यन सिंह राणावत पिता ठा. भंवर सिंह राणावत बारात लेकर अजमेर जिले के गोयला निवासी राजेंद्र सिंह राठौर यहां पहुंचे, जहां राजेन्द्र सिंह की पुत्री कोमल कंवर के साथ विवाह हुआ, तिलक की रस्म के दौरान वधु पक्ष के परिवार ने दूल्हे आर्यन सिंह का स्वागत किया । दूल्हे को तिलक में 2,51,000 रुपये दिए, जिसमें दूल्हे ने एक रुपया और एक नारियल शगुन के रूप में स्वीकार किया । इस प्रकार दहेज-मुक्त समाज बनाने का संदेश दिया । दूल्हे आर्यन सिंह ने कहा कि उनका परिवार हमेशा से दहेज प्रथा के विरोधी रहा हैं और किसी भी प्रकार का आर्थिक उपहार स्वीकार नहीं करता हैं । उनके अनुसार, विवाह दो परिवारों के बीच आपसी सम्मान और विश्वास का रिश्ता है, जिसमें वित्तीय लेन-देन जैसी बुराइयों का कोई स्थान नहीं होना चाहिए । उन्होंने राजपूत समुदाय से इस प्रथा को छोड़ने का आग्रह किया । तिलक लगाने की रस्म को वापस लौटने के लिए सभी ने दूल्हे के पक्ष की सराहना की ।।

# ब्लॉक स्तरीय साइकिल वितरण समारोह आयोजित, 570 छात्राओं को मिली साइकिलें

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**रमेश गुर्जर ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिजोलिया में ब्लॉक स्तरीय साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। राज्य सरकार की योजना के तहत कक्षा 9 में अध्ययनरत बालिकाओं को साइकिलें वितरित की गईं। पूरे ब्लॉक की कुल 570 छात्राओं को इस योजना का लाभ मिला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा ने की। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव, प्रधानाचार्य दिलीप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज गोदा, शांतिलाल जोशी, पंचायत समिति सदस्य हितेंद्र राजोरा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कमलेश कोली, जिला परिषद प्रत्याशी विट्ठल तिवाड़ी तथा पंकज विजयवर्गीय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# व्यावसायिक शिक्षा के तहत औद्योगिक भ्रमण, विद्यार्थियों ने लिया व्यावहारिक ज्ञान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**मानव तिवाड़ी ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिजोलिया, में 11 फरवरी को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में 70 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विद्यार्थियों को कैलोरी ब्रेड फैक्ट्री एवं अमर पंजाबी ब्रैकरी में औद्योगिक भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने बेकरी उत्पादों के निर्माण, पैकेजिंग और गुणवत्ता संबंधी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही मोटे अनाज के उपयोग और पोषण संबंधी महत्व के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को रिवर फ्रंट एवं सेवन वंडर पार्क भी दिखाया गया, जिससे उन्हें शैक्षणिक के साथ-साथ मनोरंजक अनुभव भी प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्रभारी सुशील सैनी, वरिष्ठ अध्यापक राकेश गोदवाल, शुभम शर्मा एवं इंदिरा सेन विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

# राजकीय बालिका विद्यालय में 41 छात्राओं को साइकिल वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा ।



कस्बा स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को नवीं कक्षा की 41 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई।

कार्यक्रम में प्रशासक प्रकाश कंवर, महिपाल सिंह अमरर्तिया, प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह, पायल गर्ग, पप्पू लाल मीणा, महेंद्र सिंह चौहान, रामचरण मीणा, गौशाला अध्यक्ष नारायण सनाढ्य, शांतिलाल खटीक, सत्यनारायण मेवाड़ा, प्रभु लाल सनाढ्य, संतोष मेवाड़ा, कस्तूरमल खटीक, बनवारी धाकड़, राजू रावत व देवीलाल धाकड़ सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।